हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

11 वैश्य कॉलेज में हुआ स्कॉलरशिप टेस्ट



12 विकट परिस्थितियों से जूझना सीखेंगी कन्याएं



## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से कर्मचारी घायल

**झज्जर।** पुलिस विभाग के ग्रुप डी में कार्यरत एक कर्मचारी को पुलिस लाइन के नजदीक एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में महेंद्रगढ़ जिले के सैद अलीपुर गांव निवासी अजीत कुमार ने बताया कि जब वह शनिवार की सुबह करीब सवा ग्यारह बजे अपने सहकर्मी बिरोहड़ निवासी रविंद्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस आ रहा था तो जैसे ही वे पुलिस लाइन के मुख्य गेट के सामने वाले कट से अंदर जाने लगे तो बहादुरगढ़ की तरफ से आ रहे एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में उसे व उसके सहकर्मी रविंद्र को काफी चोटें आई। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नहर में मिला महिला शव, हत्या की आशंका

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन-पलड़ा रोड से गुजरती नहर में एक महिला का शव मिला है। जब ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी सूचना ग्राम सरपंच को दी। जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नहर से बाहर निकलवाते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस को दी शिकायत में दूबलधन पाना किरमाण के सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार ने बताया कि शनिवार को गांव की लोहारू फीडर में एक लावारिस महिला की डैड बाडी पड़ी होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद जब उन्होंने मौके पर पहुंच कर देखा तो महिला की शव कट्टे में बांध कर नहर में डाला गया था। शव देखकर लगता है कि उसे कुत्तों ने भी नौंच रखा है। प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि महिला की हत्या करके उसे कट्टे में बांधकर नहर में डाला गया है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मारपीट के बाद बाइकों में आग लगाई, केस

**बहादुरगढ़।** गांव गंगड़वा में बाइक सवार दो लोगों पर हमला कर दिया गया। इतना ही नहीं, उनकी बाइकें भी आग के हवाले कर दी गई। पीड़ितों की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोलधा के निवासी कर्मवीर का कहना है कि 16 मई को वह अपने साढू कपिल के पास गुभाना में गया था। इसके बाद हम अपनी अपनी बाइक लेकर चल दिए। मुझे अपने गांव सोलधा तो कपिल को बहादुरगढ़ जाना था। गंगड़वा पहुंचकर हमने बाइक रोकी और बातचीत करने लगे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर कुछ लड़के वहां आए। वे नेशने की हालत में थे। आते ही उन्होंने हमला कर दिया। हमारे साथ मारपीट की। फिर उन्होंने हमारी बाइक में आग लगा दी। भागकर हमने अपनी जान बचाई। उन लोगों ने हमें जान से मारने की भी धमकी दी। उनमें दो लड़के गंगड़वा के रहने वाले थे।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** बादली बाईपास पर डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल की पहचान वरुण के रूप में हुई है। ओमेक्स के निवासी वरुण का कहना है कि स्कूटी पर सवार होकर बादली में कंपनी की साइट पर जा रहा था। जब बादली बाईपास पर पहुंचा तो पीछे से एक डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मुझे काफी चोट आई। मुझे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायल के बयान लिए।

# पुलिस ने 24 घंटे में 174 बांग्लादेशी पकड़े, बिना अनुमति के रह रहे थे

## कड़ी सुरक्षा : पुलिस आयुक्त ने सभी किराएदारों की वैरिफिकेशन करवाने के दिए निर्देश



झज्जर। भदानी गांव स्थित ईंट भट्ठा पकड़े गए बांग्लादेशी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस द्वारा पिछले 24 घंटों में चलाए गए सर्च अभियान के दौरान 174 बांग्लादेशियों की पहचान की गई है। जिनकी जांच प्रक्रिया जारी है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार एक-एक बांग्लादेशी की पहचान करके उनको वापिस भेजना की प्रक्रिया अमल मे लाए। इस संबंध में किसी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी की कोई लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक 174 बांग्लादेशियों की पहचान की गई है।



झज्जर। प्रवासी श्रमिकों से पूछताछ करते हुए पुलिस कर्मी।

जिनमें से 58 पुरुष ,52 महिलाएं और 64 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनकी डिपोर्ट की प्रक्रिया अमल मे लाई जा रही है। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें, हो सकता है कोई अपराधी हो। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सूर्य देव के तेवर तल्ख, सड़कों व बाजारों में पसरा सन्नाटा, बीमार पड़ रहे लोग

■ फंगल इंफेक्शन के भी बढ़ रहे मामले ■ चिकित्सक खान-पान में सावधानी बरतने की दे रहे सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार सुबह से ही सूर्य देव के तेवर तल्ख दिखाई दिए। दिनभर चिलचिलाती धूप के कारण लोगों का जीना मुहाल रहा, लोग पसीनों से तर-बतर रहे। स्थिति यह रही कि दोपहर के समय बाजारों व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। गर्मी से बचने के लिए लोग अपने घरों व संस्थानों में दूबकने का मजबूर रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान लगा रहे है। उधर, बढ़ती गर्मी के कारण लोग मौसम जनित बीमारियों की चपेट में आ रहे है। वायरल बुखार, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

■ रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया




जिसके अलावा नागरिक अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी ओपीडी बढ़ी है। चिकित्सक लोगों को धूप के समय घर से बाहर न निकलने और संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दे रहे है।

### ये सावधानी बरतें

तापमान में बढ़ोतरी से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। सिर में दर्द, उल्टी, दस्त, जी-मचलाना, शरीर के अंगों में ऐंठन, थकावट आदि बीमारियों से लोग परेशान है। प्रतिदिन ऐसे लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है। वरिष्ठ चिकित्सक मोनिल कादियान ने बताया कि इन दिनों में खान-पान में विशेष रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। जितना संभव हो सके घर में बने खाद्य पदार्थो का सेवन करें, जंक फूड का प्रयोग न करें, दही, छाछ, हरी-सब्जियों आदि का प्रयोग करें। इसके अलावा घर से बाहर निकलते समय सिर को कपड़े को ढककर रखें, तेज धूप में घर से बाहर न निकलें। शरीर को आराम नहीं मिलने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### एलर्जी के मरीज भी बढ़ने लगे

गर्मी बढ़ने के साथ ही फंगल इंफेक्शन और एलर्जी के मरीज भी बढ़ने लगे है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करण चावला ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ फंगल इंफेक्शन के मरीज ज्यादा आते हैं। उन्होंने बताया कि फंगल इंफेक्शन शरीर के पसीना रूकने वाले स्थानों पर अधिक होता है। जैसे उंगलियों के बीच में, जांघ, बगल, छाती, चेहरे आदि पर होता है। कई बार फोड़े, फुंसियां, घमोरियां भी हो जाती है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचने के लिए धूप में जाने से बचना चाहिए। नींबू पानी, लस्सी, दही आदि का प्रयोग करना चाहिए। घमोरियां होने पर उस स्थान पर बर्फ भी लगा सकते है। इसके अलावा प्रतिदिन ठंडे पानी से नहाएं, अधिक से अधिक पानी पीएं, हल्के रंग के और ढीले वस्त्रों का प्रयोग करें, तली हुई चीजों से गुरेज करें, एंटीबैक्टीरियल साबुन का प्रयोग करें।

# झूला बना फंदा, मासूम की दम घुटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव बरहाणा में खेलते समय करीब पांच फुट ऊंची खूंटी पर चुन्नी की सहायता से बनाया गया झूला आठ वर्षीया मासूम के गले का फंदा बना गया और दम घुटने के कारण मासूम की मौत हो गई। जब तक परिजनों को पता चला वे उसे संभालते तक मासूम दम तोड़ चुकी थी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

■ पांच फुट ऊंची खूंटी पर चुन्नी की सहायता से बनाया गया था झूला

■ चौथी कक्षा की छात्रा चुन्नी से गोल-गोल घूम रही थी, अचानक फंदा लग गया

### शव परिजनों को सौंपा

रविवार को मृतक मासूम के शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। अस्पताल में कागजी कार्रवाई करता पुलिस कर्मचारी।

पुलिस द्वारा इस संबंध में इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। मृतका के ताऊ के अनुसार शनिवार की शाम चौथी कक्षा में पढ़ने वाली उनकी भतीजी घर में ही जमीन से करीब पांच फुट ऊंची खूंटी पर झूला बनाकर खेल रही थी। उसी दौरान वह चुन्नी से गोल-गोल घूम रही थी कि अचानक उसी चुन्नी से फांसी का फंदा लग गया और दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई।

## नेशनल के लिए तीन को चुनी जाएगी हरियाणा की टीम

**बहादुरगढ़।** उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में 22 से 26 जून तक होने वाली 78वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक (स्वीमिंग) चैम्पियनशिप के लिए हरियाणा की तैराकी टीम का चयन 3 जून को होगा। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि बहादुरगढ़ के एचएल सिटी स्थित चैम्पियनस एक्वेटिक एकेडमी के ओलिम्पक साइज स्वीमिंग पूल पर नेशनल चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल लिए जाएंगे। भारतीय तैराकी संघ द्वारा निर्धारित क्वालिफिकेशन टाइम स्टैंडर्ड को मैच करने वाले तैराकों का चयन किया जाएगा। एसएफआई और हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन के पास रजिस्ट्रेशन को रिन्यू करवाना जरूरी है। एक तैराक 5 व्यक्तिगत इवेंट्स में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रायल प्रक्रिया में करीबन 300 तैराक भाग लेंगे।

■ भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 22 से 26 जून तक होगी 78वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक प्रतियोगिता

## गुरुग्राम और नोएडा में जीते बीआरजी के धावक

**बहादुरगढ़।** रविवार को बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप (बीआरजी) के धावकों ने गुरुग्राम और नोएडा में आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए और बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया। बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि गुरुग्राम में आयोजित छवीं ग्रैंड हाफ मैराथन में बीआरजी के धावकों ने अलग-अलग वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। साढ़े 10 किलोमीटर दौड़ में गुलाब सिंह ने ओवरऑल विजेता बनकर स्वर्ण पदक जीता। ब्रह्म प्रकाश मान ने 45-60 आयु वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन में सुदेश कुमार ने 45-60 आयु वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। अशोक कुमार ने 60 प्लस आयुवर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। पांच किलोमीटर दौड़ में चंदन ने 30-45 आयु वर्ग में पहला स्थान, धर्मवीर ने दूसरा स्थान और सुनील कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि रोहताश सैनी ने 45-60 आयु वर्ग में पहला स्थान, संजू सैनी ने 8-18 आयु वर्ग में दूसरा स्थान, धर्मवीर सैनी ने 45-55 आयु में दूसरा स्थान, अमृत कौर ने महिलाओं के 30-45 आयु वर्ग में पहला स्थान, किरण नरूला ने दूसरा स्थान हासिल किया। दीपक छिल्लर और सुदेश तोमर ने पेसर की भूमिका निभाई। नीरज छिल्लर को एंबेसडर के तौर पर सम्मानित किया गया। नोएडा में आयोजित मैराथन में बीआरजी के सत्यवान डागर ने 10 किलोमीटर में पहला स्थान और रणबीर सांगवान ने 55 प्लस आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## गली से मलबा न हटाने से राहगीर परेशान

**झज्जर।** माता गेट क्षेत्र की एक गली में शिकायत के बाद हटाए गए अवैध अतिक्रमण के बाद मलबा वहीं छोड़े जाने से गली वासियों को परेशानी आ रही है। पीड़िता बुजुर्गा ने इसकी शिकायत डीसी को की है।

### अवैध निर्माण तोड़े थे

दी गई शिकायत में माता गेट निवासी करीब 76 वर्षीया सेवती ने बताया कि उसने एक शिकायत गली में किए गए अवैध निर्माण को हटाने बारे दी थी। जिसके बाद नगर परिषद द्वारा अवैध निर्माण हटाने के दौरान उसके घर की एक फुट की सीढ़ियां तो तोड़ दी लेकिन शिकायत के बावजूद संबंधित व्यक्ति के करीब चार फुट का अवैध निर्माण व मलबा वहीं छोड़ दिया।

मलबा नहीं हटाए जाने से गली में कूड़ा उठान वाली गाड़ी भी नहीं पहुंच रही जिस कारण वे दूर जाकर कूड़ा डालने को मजबूर हैं। इसके अलावा राहगीरों व वाहन चालकों को भी आवागमन में परेशानी आ रही है। हादसे होने की आशंका बनी हुई है।



झज्जर। माता गेट की गली जिसमें अवैध निर्माण हटाने के बाद पड़ा मलबा।

# विधायक जून ने लाइनपार में दरबार लगाकर सुनीं जनता की समस्याएं, मौके पर करवाया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को विधायक राजेश जून द्वारा बहादुरगढ़ में जनता दरबार की शुरुआत की गई। विधायक ने लाइनपार स्थित पंडित लख्मीचंद धर्मशाला और अंबेडकर भवन में जनता दरबार लगाया। इनमें सैकड़ो लोगों द्वारा जनता दरबार में अपनी समस्याएं रखी गई। लोगों की समस्याएं सुनकर विधायक ने अधिकारियों को जल्द समाधान करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

■ वार्ड नंबर-1 से 10 के लोग समस्याएं लेकर दरबार में पहुंचे

लाइनपार की पंडित लख्मी चंद धर्मशाला में वार्ड नंबर 1 से 5 तक और अंबेडकर भवन में वार्ड नंबर 6 से 10 तक रहने वाले लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने सीवर, पानी, बिजली, स्वच्छता और खस्ताहाल गलियों की समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया। विधायक राजेश जून ने कहा कि चुनाव में बहादुरगढ़ की जनता ने मुझे अपार समर्थन दिया था। अब उनकी समस्याओं का समाधान करवाना और उन्हें सुविधाएं मुहैया करवाना मेरा कर्तव्य है।



बहादुरगढ़। जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनते विधायक राजेश जून।

### ड्रग तस्करों पर कसेंगे शिकंजा

वे लाइनपार के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही बराही फाटक पर जाम की समस्या का जल्द समाधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खराब करने के लिए नशे का काला कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नितिन, जेई दलबीर देशवाल, नगर परिषद के जेई आशीष, आकाश व नीरज के अलावा बिजली निगम के जेई बिजेंद्र आदि मौके पर मौजूद रहे।

# सेक्टर-13 आरडब्ल्यूए के प्रधान बने राजबीर



बहादुरगढ़। सेक्टर-13 आरडब्ल्यूए के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** रविवार को सेक्टर-13 रेजिडेंट्स वेलफयर एसोसिएशन के पुनर्गठन की प्रक्रिया सभी सेक्टरवासियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुई। सभी ने सलाह मशविरे उपरांत राजबीर दलाल को प्रधान, प्रवीण राणा को उपप्रधान, विजय खत्री को सचिव, विकास दलाल को खजांची, पिंकी वाही को सह सचिव, सुभाष शर्मा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। जबकि सुरेश, विक्रांत व बलराम राठी को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है। नवगठित रेजिडेंट्स वेलफयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने सेक्टर-13 में जनहित के कार्य करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।



## भिवानी का सितारा स्मारक

हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।



# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र चुलकाना धाम

तीर्थस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





भारत भूमि देवताओं के लिए भी दुर्लभ कही गई है तथा देवताओं के द्वारा इसकी वंदना की जाती है। इस देवधरा पर कितने तीर्थ हैं इसकी गणना करना संभव नहीं है, किन्तु भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में जिनका नाम आता है उनमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, पंचकाशी, पंचनाथ, पंचसरोवर, नौ अरण्यक, चतुर्दश प्रयाग, सप्तक्षेत्र, सप्तगंगा, सप्तपुण्य नदियां सिद्वक्षेत्र (इक्यावन), बावन शक्तिपीठ, पचपन श्राद्ध क्षेत्र, सप्त सरस्वती, सप्तपुरियां, चार धाम आदि जाने कितने ऐसे तीर्थ स्थान हैं। जो अपने-अपने महत्व के कारण जगत प्रसिद्ध हैं।

तीर्थों के संबंध में महाभारत वनपर्व के तीर्थ यात्रा प्रसंग, स्कंध पुराण के माहेश्वर, वैष्णव, ब्रह्म, काशी, अवंती, नागर और प्रभास आदि सभी सातों खण्डों के साथ-साथ वामन पुराण, मत्स्य पुराण, नारद पुराण, ब्रह्म पुराण आदि में विशद् वर्णन प्राप्त होता है। इसी क्रम में हरियाणा के पानीपत जिले के गाँव चुलकाना जो पानीपत से लगभग 25 कि. मी. दूर है, को चुलकाना धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सतयुग में अपनी तपस्या से विख्यात हुए महर्षि चुनकट की तपोभूमि माने जाने वाले इस स्थान का नाम उनके नाम से ही चुलकाना पड़ा। इस धाम को जहाँ भारतवर्ष की 84 प्राचीन सिद्ध पीठों में शामिल माना जाता है, वहीं यह स्थान श्री श्याम धाम के रूप में सुप्रसिद्ध है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री श्याम रूप में आराध्य वीर बर्बरीक उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में कुल देवता भी माने जाते हैं।

वर्तमान में सर्वाधित प्रचलित लोक मान्यता अथवा किंवदंतियों में कहा जाता है कि वीर बर्बरीक की अद्भुत कथा मध्यकालीन महाभारत से आरम्भ होती है। जहां वनवास के दौरान महाबली भीम का हिडिंबा से विवाह होता है और उन दोनों से एक पुत्र पैदा होता है घटोत्कच, जो महान बलशाली था। वीर घटोत्कच के शास्त्रार्थ की प्रतियोगिता जीतने पर उनका विवाह आज के असम प्रागज्योतिषपुर के राजा दैत्यराज मुर की पुत्री कामकटंककटा से हुआ। उसे मुर की पुत्री होने के कारण 'मोरवी' नाम से भी जाना जाता था। कुछ भगत कामकटंककटा को मोरवी के अलावा अहिलावती भी कहते हैं और वीर बर्बरीक को अहिलावती का लाल कहकर पुकारते हैं। चुलकाना के स्थानीय लोगों में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार जब वीर बर्बरीक कुरुक्षेत्र युद्ध के लिए जाते हुए मार्ग में ब्राह्मण रूपी भगवान श्री कृष्ण से मिलते हैं तो वे उन्हें कहते हैं कि आप कुरुक्षेत्र मत जाइए क्योंकि हम वहां पर आपकी बलि देने की चर्चा सुनकर आ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ एक स्त्री जिसे वह महाचंडी के नाम से पुकार रहे थे, के पैरों में पड़े गिड़गिड़ा रहे थे। वह स्त्री बहुत क्रोधित हो कह रही थीं कि मैं सबका विनाश करूंगी, तुम्हें भी खत्म करूंगी। जब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे विनाश रोकने का उपाय पूछा तो वे देवी कहती हैं कि तुम्हारे पास तीन महाबली हैं अर्जुन, श्रीकृष्ण और वीर बर्बरीक। जिनमें से किसी एक की बलि मुझे दें तो मैं आपको क्षमा कर सकती हूं, तब सभी आपकी बलि देने को राजी हो गए। इसलिए आप कृपया वहां मत जाइये और अपनी शक्ति व्यर्थ न कीजिये। जब भी तीनों लोको में कोई आपातकालीन स्थिति आयेगी तब ही अपनी शक्ति का प्रदर्शन कीजिए। बर्बरीक बोले, अब तो मैं जरूर जाऊंगा। अपने कुल का नाम रोशन करूँगा। जब भगवान की सारी नीतियां व्यर्थ हो गई तो वे बोले, 'ये रास्ता सीधा युद्धभूमि को गया है। आप जाओ और युद्ध देखो, लड़ो।'

बर्बरीक जैसे ही चलने लगे तभी बर्बरीक के मन में भाव आया कि मैंने इन ब्राह्मण को कोई उपहार तो दिया ही नहीं, तब बर्बरीक वापस मुड़े और ब्राह्मण से कहा, 'हे ब्राह्मण देवता, मैं आपको उपहार स्वरूप कोई भेंट देना चाहता हूं। तब ब्राह्मण ने कहा कि क्या आप हमें वो दे सकते हैं जो हम चाहें। बर्बरीक ने वचन दिया कि आप जो मांगेंगे वह वह आपको देने का वचन देता हूँ। तब भगवान ने वचन के बदले बर्बरीक से शीश का दान मांगा। बर्बरीक बोले, हे ब्राह्मण, मैं अपने वचन का पालन जरूर करूंगा, लेकिन आप मुझे अपना वास्तविक रूप दिखाइये। तब चुलकाना धाम की पावन पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने वीर बर्बरीक को अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराये। विराट रूप देखकर वीर बर्बरीक ने प्रभु की खूब प्रंशसा की और शीश दान देने के लिए तैयार हुए, तभी भगवान ने कहा, आपकी कोई इच्छा हो तो मुझे बतायें। तब वीर बर्बरीक ने कहा, प्रभु शीश दान के बाद मैं युद्ध तो नहीं लड़ सकूँगा किन्तु युद्ध देखना चाहता हूँ। चुलकाना के स्थानीय लोगों के अनुसार वीर बर्बरीक के शीश का दान यहीं हुआ था। कहा जाता है, 'जहाँ दिया था शीश का दान, वो भूमि है चुलकाना धाम।' और महाभारत के युद्ध के बाद वीर बर्बरीक ने भगवान से श्याम रूप वरदान में माँगा था।

> सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।

हालांकि महाभारत के आदि पर्व से लेकर स्कन्ध पुराण में वर्णित बर्बरीक उपाख्यान को देखने के बाद वीर बर्बरीक के बारे में जो तथ्यपरक जानकारी हमें प्राप्त होती है, वह लोक में प्रचलित मान्यताओं से कुछ अलग है। दूसरा इसी लोक मान्यता के इतर हरियाणा में ही कुछ और स्थान भी हैं जिनका संबंध वीर बर्बरीक यानी श्री श्याम से माना जाता है। चुलकाना में वीर बर्बरीक का श्री श्याम के रूप में प्राचीन मन्दिर स्थित है। इसके पास ही भव्य श्याम कुण्ड का निर्माण किया गया है। 'अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण व संवर्धन संस्थान' और मंदिर में आराधना का दायित्व निभाने वाले परिवार के अनुसार महंत उधोदेव की परंपरा में संवत 1705 में कन्हैया दास चुलकाना आये। उन्होंने शंखनाद कर चुलकाना को अपना प्रार्थना स्थल बनाया तथा श्री श्याम जी की स्थापना की। आज भी कन्हैया दास के वंशज ही मंदिर में पूजा का कार्य संभालते हैं। हालांकि अब मंदिर की देख-रेख, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीणों द्वारा 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' की स्थापना भी की गयी है। विगत कुछ वर्षों में मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे विशाल और भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। चुलकाना एक ऐतिहासिक गांव है जहां हमें सालों पुरानी कुछ हवेली देखने को मिलती और अनेक प्राचीन मंदिर भी बने हैं। महर्षि चुनकट और बाबा लकीसर से सम्बंधित अलग मंदिर परिसर और सरोवर भी जन सामान्य के बीच आस्था का केंद्र हैं। ऐसा कहा



जाता है कि वर्षों पहले यमुना नदी का बहाव चुलकाना गांव के उक्त सरोवर तक था। हजारों लोगों की आस्था को सम्मान देते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने इस धाम के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए तीर्थ स्थल बोर्ड के गठन करने की घोषणा की है। गांव के बाहर तोरणद्वार और सड़क के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। जबकि श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले में पूरे देश से भक्तजन आते हैं। चुलकाना और आसपास के गांवों के लोग कुल देवता के रूप में भी श्री श्याम की आराधना करते हैं। आज भी चुलकाना धाम में महाभारत कालीन पीपल का वृक्ष है। यहाँ आपके लिए यह जानना और रोचक होगा कि अब चुलकाना धाम पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। स्कन्ध पुराण के माहेश्वर खंड के द्वितीय उपखंड कौमारिका खंड के 66वें अध्याय के 115वें एवं 116वे श्लोक में श्री श्याम यानि वीर बर्बरीक की एक अलौकिक स्त्रोत्र से की गयी स्तुति का भावार्थ है कि 'हे विप्रगण! इस स्तोत्र द्वारा श्रावण मास में जो सुहृदय की पूजा करेगा और वैशाख कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को सैकड़ों भरे हुए दीपक जलाकर उनका स्तवन करेगा, उस पर वे (सुहृदय) प्रसन्न होंगे।'

---

रागणी

डॉ. शील कुमार



## ऑपरेशन सिन्दूर

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

मेरी गेल्यां ब्याह करवाकै,
बणा था जीवन साथी।
बीच भंवर मै छोड़ डिगरै ग्या,
रह्या ना कोए हमाती।
रहगी अकेली तेरी नार.....

पहलगाम मैं आए थे घूमणै,
घर तै कोशों दूर।
नाम पूछकै गोली मारी,
मिटा दिया सिंदूर।
सहगी अकेली तेरी नार.....

ओप्रेशन सिंदूर' चलाया,
आतंकी घबराए।
आतंकवाद की कमर तोड़ दी,
उनके घुटने टिकाए।
फहगी अकेली तेरी नार....

कोए भी नापाक हरकत,
भारत नै ना भायी।
शील पै जिसनै वार करआ,
उसने मुंह की खायी।
कहगी अकेली तेरी नार....

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

---

कविता

राजपाल सिंह गुलिया



## पहलम आली बात नहीं सै

भोत बदलग्या गाम आज यो , पहलम आली बात नहीं सै ,
बणे फिरैं वे टेक गाम की , जिनकै जात जमात नहीं सै .

बात -बात म्हँ छोह म्हँ भर कै , ये ठा ल्यावैं हथियारां नै
दे राख्या नाकाँ म्हँ धुम्मा , इब गाम गैल दो च्यारां नै ,
दारू पी कै एक लाठी तैं , हाँकें सै देखो सारां नै .
खूड बेच कै आया चिमकणा , इन टूटे ओड़ सितारां नै .
लाखां की ये बात करैंगे , दो आन्ने औकात नहीं सै .

कदे इसके अर कदे उसके , सभ के ठायां हाण्डै झंडे ,
झूठ -साँच के अपणावैं सैं , नित नए- नए ये हथकंडे .
योह जितैगा वो हारैगा , बणे फिरैं सैं सियासी पंडे .
दारू इनकी उतरै सै जिब , पड़ैं पुलिस के इन पै डंडे .
बिना पिटे ये घर आए हों , आयी ईसी रात नहीं सै .

लिहाज शर्म का काम रह्या न , लोग नशे के गुलाम होग्ये ,
पड़े पावैं सैं ये गालां म्हँ , ये सभतैं भुंडे काम होग्ये .
कर्जा ले कै तुरत नाट ज्याँ , किस्से ये भी आम होग्ये .
आज सहर नै परे बठावैं , इसे कसूते गाम होग्ये .
बात करैं सैं वे बरसां की , जिन धोरै घड़ी स्यात नहीं सै .

गाँधी के सपनां के गाम की , इब ये ठेके स्यान बढ़ावैं ,
ताश खेलते सारा दिन ये , रोज साँझ नै रंग जमावैं .
भूल भटक ये कदे खेत म्हँ , भी ना चक्कर मारण जावै ,
याह धरती एक्वायर होज्या , इब ये सारे न्यूं ए चाहवैं .
राजपाल गुलिया भी करता , किसै एक की बात नहीं सै .

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

दिल्ली सीमा पर अंग्रेजों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की चार माह में 32 बार भिड़ंत हुई, केवल चुनिंदा देशी शासकों ने अंग्रेजों का विरोध किया

# मई माह में आरंभ हुआ था 1857 का स्वतंत्रता संग्राम



इतिहास


यशपाल गुलिया


विद्रोह व गदर के उप नामों से जाना जाने वाला सैन्य अभियान वास्तव में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ भेदभाव तथा चर्बी वाले कारतूस आदि विभिन्न कारणों से भारतीय सैनिकों में आक्रोश व्याप्त हो चुका था। यद्यपि अंग्रेज अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का श्रीगणेश तो मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को कर दिया था। परन्तु वास्तविक सैन्य विद्रोह मेरठ स्थित तीसरी कैवलरी के सैनिकों ने 10 मई 1857 से किया था।

मेरठ में अंग्रेज कमांडर जनरल हैविट ने 9 मई को 85 भारतीय सैनिकों को बन्दी बना डाला था। उससे वहां स्थित शेष सैनिकों में अत्याधिक आक्रोश हो गया और उन्होंने बगावत करके अंग्रेज अधिकारियों का वध करके सभी 85 सैनिकों को रिहा करवा लिया। फिर 10 मई की शाम को ही सभी विद्रोही सैनिक दिल्ली को कूच कर गए। अगले दिन उन सैनिकों ने दिल्ली पहुंचकर बहादुरशाह जफर को भारत का स्वतन्त्र बादशाह घोषित कर दिया तथा दिल्ली में अंग्रेजों का कत्लेआम कर डाला।

दिल्ली में स्थित 4-5 सैनिक बटालियन भी मेरठ वाली सैनिकों के साथ मिल गई। तब दिल्ली में रेजिडेन्ट कमिश्नर साइमन फ्रेज़र था और सम्पूर्ण भारतीय सेना अध्यक्ष जॉर्ज ऐनसन था जो ग्रीष्मकालीन के लिए शिमला गया हुआ था। भारत का अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड केनिग था जो कलकता रहता था। संग्राम के आरम्भ होने पर लार्ड केनिग ने ऐनसन को दिल्ली पर फिर से कब्जा करने बारे संदेश भेजा। तब तक दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या भी काफी हो चुकी थी। कारण यह कि बरेली, निमच, नसीराबाद, मथुरा, कानपुर आदि छावनियों से भी काफी संख्या में भारतीय सैनिक दिल्ली आने लग गए थे। परन्तु ज्यादातर भारतीय रजवाड़ों ने सेनानियों की सहायता नहीं की बल्कि पंजाब स्थित कुछ शासकों ने तो अंग्रेजों की खुलकर सहायता की थी जिनकी सहायता से अंग्रेज कमांडर ऐनसन अम्बाला में एक बड़ी सेना गठित करने में सफल हो गया था। वह सेना दिल्ली पर धावा बोलने के लिए करनाल के रास्ते 8 जून को समयपुर बादली पहुंच गई थी, लेकिन दिल्ली के अन्दर पड़ाव लगाए सेनानियों ने उस सेना से भीषण युद्ध करके वापस हटा दिया। अंग्रेजों की उस गठित सेना ने फिर दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव वाली रीज पर पड़ाव डाल लिया। यह 20 सितम्बर 1857 तक दिल्ली के अन्दर पहुंच ही नहीं सकी। मुख्य अंग्रेज कमांडर ऐनसन, फिर कमांडर ब्रनार्ड आदि की वहां मृत्यु हो गई थी। इसके बाद कमांडर मिस्टर रीड व आर्चडेल विलसन आदि ने पदभार सम्भाला और सेनानियों की कमांड बरेली के भक्तखां ने सम्भाल रखी थी। क्रान्तिकारियों को बहादुरशाह जफर समय पर वेतन आदि नहीं दे पाया और देशी रजवाड़ों की निष्क्रियता के कारण उनका मनोबल सितम्बर माह तक गिरना आरम्भ हो गया था। रिज स्थित अंग्रेज सेना व क्रान्तिकारियों के मध्य दिल्ली के बाहर चार मास में 32 बार टकराव हुआ।

उस अवधि में 1450 अंग्रेज अधिकारी मारे गए थे तथा झांसी, लखनऊ व बिहार आदि में भी क्रांति ने व्यापक रूप ले लिया था। अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।





दिल्ली में बाड़ा हिन्दुराव पर अंग्रेजों द्वारा बनाया स्मारक तथा शिलालेख पर 32 लड़ाइयों का विवरण अंकित है।

> अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।

---

# संस्कृति के संवर्धन में लोक कलाओं की खास भूमिका : सोनिया

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाण की समृद्ध लोक संस्कृति के संवर्धन में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी कला को नई दिशा देने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि हरियाणवी कला, संस्कृति और परंपराओं की देश-विदेशों तक अलख जगाई है। ऐसे ही कलाकारों में प्रतिभावान सोनिया अपने लोक नृत्य की कला को ऐसी धार देने में जुटी हैं, जिसमें उनका लोक नृत्य, केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन को जोड़ने का सबब बनता जा रहा है। लोक नृत्य के साथ वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विधा में अपने कदम बढ़ा रही हैं।

युवा लोक कलाकार सोनिया ने अपनी लोक कला के सफर को लेकर कुछ ऐसे पहलुओं को भी उजागर किया है, जिसमें वह अपनी कला लोक परंपरा और शास्त्रीय साधना से एक ऐसा सांस्कृतिक पुल बनाया जा सकता है, जो नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जोड़कर समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा देने में सक्षम है। हरियाणा की प्रतिभाशाली कलाकार सोनिया का जन्म 24 सितंबर 2001 को यमुनानगर जिले के ससोली गाँव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में सुरेंद्र कुमार और करनैलो देवी के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था। सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई, उनके पिता कभी-कभी रिक्शा चलाकर भी परिवार का पालन पोषण करने का प्रयास करते थे, जबकि माता नगर पालिका में कच्ची कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कोरोना काल में उनके पिता का निधन हो गया। तब वह गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही मां ने बेटे के अभाव में भी घर में तीन बेटियों का आत्मबल कभी कम नहीं होने दिया और आर्थिक चुनौतियों के बीच धैर्य और एकजुटता से आगे बढ़ने की शक्ति दी। बकौल सोनिया उन्हें बचपन से ही नृत्य में अभिरुचि थी। जब भी कोई फिल्म देखती, तो उसके नृत्य को कॉपी करने की कोशिश करती और उसके संवादों की तरह अभिनय भी करती थी। कभी कमरे में अकेले, तो कभी किसी पारिवारिक आयोजन में जैसे ही संगीत बजता या कोई सीन मन को छूता, मेरा मन नृत्य और अभिनय की ओर खिंच जाता था। समय के साथ यह रुचि ही उनकी साधना बन गई और अब लोकनृत्य ही उसकी कला की पहचान बन चुकी है। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा के दौरान यूथ फेस्टिवल में उन्हें हरियाणवी लोक नृत्य के ग्रुप डांस में भाग लेने का अवसर मिला,जहां उनकी कला को मिली सराहना ने आत्मविश्वास को ऐसे बढ़ाया कि उनका मन पूरी तरह नृत्य में रच-बस गया। कॉलेज में ही उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सीखीं, जिसके बाद उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें स्वर्गीय सिंगर राजू पंजाबी के साथ एक गाने में मुख्य भूमिका में भी काम करने का अवसर मिला। परिवार और समाज के कुछ लोग शुरू में रोक-टोक करते थे, पर उन्होंने हार नहीं मानी। जब उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, तब यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार थी।

युवा लोक नृत्य कलाकार सोनिया का कहना है कि हमारी लोक नृत्य, संगीत, और रंगमंच जैसी पारंपरिक कलाओं को कहीं न कहीं संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका कारण डिजिटल माध्यमों ने मंचों को स्क्रीन में बदल दिया है। हरियाणवी लोक नृत्य, रंगमंच और संगीत जैसे पाठ्यक्रमों को स्कूली स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को लोक कला और नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके, जिससे वे अपनी कला को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सकें।





### हरियाणवी संस्कृति सर्वोपरि

सोनिया अपनी कला को केवल मंच की प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मिक यात्रा मानती है। हरियाणवी लोक नृत्य में गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू, भाषा, लोकगीत, हंसी-मजाक और संघर्ष सब कुछ समाहित करते हुए हरियाणा संस्कृति को सर्वोपरि रखा है। अब सोनिया का झुकाव भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ओर भी है, जिसकी विद्या को पूरी श्रद्धा और लगन से सीख रही है, क्योंकि इसमें केवल ताल और गति नहीं, बल्कि गहराई से भाव, कथा और आत्मिक अनुशासन छिपा है। उनका कहना है कि अपनी कला में उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का है, ताकि समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा मिल सके और उनकी कला मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में खाद्य सुरक्षा पर हुआ सेमिनार

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में खाद्य सुरक्षा और मिलावट पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने की। सेमिनार में फूड्स सेफ्टी इंस्पेक्टर डॉ राजेश ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को खाद्य सुरक्षा और मिलावट की पहचान के साथ ही इसके दुष्परिणाम पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सतर्कता बरतने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ने भी विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरुक किया। युवा पीढ़ी को सभी तरह के नशों से दूर रहने की सलाह दी।

### छह साल की बच्ची के साथ महिला लापता

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा क्षेत्र के एक मोहल्ले से महिला लापता हो गई। महिला अपने साथ 6 साल की बच्ची को भी ले गई है। महिला के पति ने धारूहेड़ा थाना को दी शिकातय में बताया कि उसकी पत्नी 16 मई शाम 4 बजे घर से लापता है। रिश्तेदारी में पूठताछ करने व काफी जगह तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। नई आबादी निवासी योगेश ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को बताया कि उसके पिता राजू की कपड़े सिलाई की दुकान है। उसके पिता प्रतिदिन रात्रि 10 बजे तक घर वापस आ जाते है। 16 मई को लेट होने पर उसकी मां ने पिता के मोबाइल पर काल की तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया। व्यक्ति ने बताया कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया, जिनको इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो उसके पिता को होश नहीं आया था। व्यक्ति ने बताया कि उसके पिता बावल रोड पर सड़क क्रास कर रहे थे तभी बस स्टैंड की ओर से आर रही एक जेल रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे उनको काफी चोटें आई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## छात्रा उपासना ने 500 में से 479 अंक हासिल करते हुए विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया

# होली क्रॉस स्कूल के छह विद्यार्थियों ने बनाया मेरिट में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में होली क्रॉस स्कूल के विद्यार्थियों ने का प्रदर्शन सराहनीय रहा। स्कूल संचालिका प्रिया चावला ने बताया कि उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। छात्रा उपासना ने 500 में से 479 अंक हासिल करते हुए विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा उर्वशी ने 478,चंचल ने 459, स्वाति ने 454, मनीषा 445, मुस्कान ने 416 अंक प्राप्त करके सफलता के नए आयाम को छुआ। प्रिया चावला ने इस उपलब्धि का श्रेय अध्यापकगण की मेहनत व विद्यार्थियों की लग्न को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर तारावती, स्वाति, दीक्षा, मन्नू शर्मा, पवित्रा, कृष्णा यादव, करिश्मा, बबीता, सोनाली, दिव्या कत्याल, सीमा, रूबी, मीनाक्षी, किरण, सोनिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। होनहार छात्रा को मिठाई खिलाते हुए परिजन। फोटो :हरिभूमि

### तन्नु 98 प्रतिशत अंकों के साथ रही स्कूल में प्रथम

**झज्जर।** हरियाणा बोर्ड के 10वीं कक्षा के नतीजों में पेस ग्रुप के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उनके स्कूल के पांच विद्यार्थियों में से छात्रा तन्नु ने 98 प्रतिशत, खुशबू ने 94 प्रतिशत और कुणाल ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस मौके पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






झज्जर। विद्यार्थियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### सनराइज स्कूल में भूमिका सैनी रही अव्वल

**झज्जर।** दसवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में सनराइज हाई स्कूल की छात्रा भूमिका सैनी ने 95.6 प्रतिशत नंबर लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि छात्र प्रदीप व छात्रा रिम्पी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा व छात्रा दीपिका शर्मा ने 90 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भविष्य सैनी, पूजा, योगिता, मयंक, दीपांशु यादव, मानसी आदि ने 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। निदेशक रवि यादव व मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार छात्रा अभय को पुरस्कृत करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य।

### सुपर 100 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र सम्मानित

**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय ढाकला के छात्र अभय ने सुपर 100 परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल प्राचार्य वेद प्रकाश सैनी ने बताया कि अभय की इस उपलब्धि पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं ग्राम पंचायत की ओर से उसे प्रोत्साहन राशि व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अभय ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है।

### बेहतर परिणाम आने पर खुशी जताई

**बहादुरगढ़।** माल गोदाम रोड स्थित वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की कुल 80 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 33 छात्राओं ने मेरिट हासिल की तथा 31 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में बाजी मारी। वाणी ने 93 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंचल व अदिती ने 91 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर के अपने परिवार तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। उधर, विद्यालय प्रबंधक समिति ने प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल, समस्त स्टॉफ और छात्राओं को बधाई दी।

### एचआरएसएस जनता स्कूल का शानदार परिणाम

**बहादुरगढ़।** शहर के एचआरएसएस जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सत्र 2024-25 का दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि स्कूल के 17 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। मोहित ने 456, राजू ने 452, देव ने 423 व मुकुल ने 408 अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक धर्म सिंह हुड्डा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही स्कूल स्टॉफ का उनके मार्गदर्शन और अभिभावकों का उनके सहयोग के लिए आभार जताया।



बहादुरगढ़। मोहित, राजू, देव और मुकुल। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल टॉपर शिवानी को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर छात्रा शिवानी का सम्मान किया गया। शिवानी के पिता मनोज मजदूरी करते हैं और मां सीमा देवी निजी स्कूल में पढ़ाती है। शिवानी ने 10वीं की परीक्षा में 600 में से 505 प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रिंसिपल व स्टॉफ ने बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राजकीय स्कूल सिलानी का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**झज्जर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिलानी में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्राचार्या सुशीला देवी ने बताया कि विद्यालय के कुल 19 छात्राओं में से 8 छात्राओं ने मेरिट में स्थान बनाया। स्कूल की छात्रा हंसिका ने 460 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, छात्रा दीपिका ने 457 अंकों के साथ द्वितीय तथा छात्रा प्राची ने 454 लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा 11 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

### परिणाम पर स्कूल स्टाफ व प्रबंधन ने खुशी जताई

**बहादुरगढ़।** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस परिणाम पर स्कूल स्टाफ व प्रबंधन ने खुशी जताई है। प्रिंसिपल श्रीओम राठी के अनुसार, कुल 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इनमें से 17 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिनके अंक 90 फीसद या इससे अधिक हैं। जबकि 9 विद्यार्थियों ने 95 फीसद या इससे अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। जानवी व नैना ने 97.6 फीसद अंक लेकर पहला, 96.2 फीसद अंक के साथ जय शाह ने दूसरा तथा 95.8 अंक प्रापत कर ज्योति सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। सनातन धर्म शिक्षा समिति के प्रधान जगदीश एलावाधी, महासचिव अशोक दुआ, उपप्रधान मुराचंद बतरा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ, मैनेजर कश्मीरी लाल, तरुण चुघ, शमशेर ठुकराल आदि ने बेहतर परिणाम आने पर खुशी जताई। इसके लिए प्रिंसिपल श्रीओम, वाइस प्रिंसिपल रेणु चुघ, ज्योति शर्मा, कंचन आदि शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मेरिट में आए एमडीएस के 28 विद्यार्थी

**बहादुरगढ़।** जसोरखेड़ी के एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा बोर्ड का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 44 बच्चों में से 28 बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया तथा शेष सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए। भावना ने 93.4 प्रतिशत, सक्षम ने भी 93.4, इशिका ने 92.8, प्रतीक ने 91.6, वंश ने 89.6, इंदू ने 89, यथार्थ ने 88.8, लक्षिता ने 87.6, लक्की ने 86.6, नेहा ने 86.6, जतिन ने 86.2, दीपक ने 86, संजना ने 85.4, रुद्राक्ष ने 84.8, देवेंद्र ने 82.2, कार्तिक ने 83, सौम्या ने 82, यश ने 81, पवन ने 80.6, शिक्षा ने 79, हितेश ने 77.2, कुणाल ने 76.4, नैंसी ने 75.4, पुनीत ने 77.2 व प्रिया ने 75.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इन विद्यार्थियों ने ग्रामीण आंचल में लगातार बड़ी संख्या में मेरिट प्राप्त करने का कीर्तिमान स्थापित किया। शानदार परीक्षा परिणाम पर स्कूल डायरेक्टर कविता देशवाल व प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने सभी बच्चों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही लगातार परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया।



बहादुरगढ़। विजयी मुद्रा में एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### भावना 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम

**झज्जर।** दसवीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में संस्कार सीनियर सैकेंडरी स्कूल छात्रा की छात्रा भावना ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा भावना ने 95 प्रतिशत, अंजलि ने 92 प्रतिशत, राधा ने 91 प्रतिशत, यश ने 90 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने बताया कि उनके विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला कुख्यात अपराधी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ, एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड और मधु विहार थाने की पुलिस ने जबरन वसूली के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। पकड़े गये आरोपी शख्स ने एक बुजुर्ग दुकानदार को धमकाकर 50 लाख रुपये की डिमांड की थी। आरोपी शख्स का नाम करतार भाटी बताया गया है।डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार 17 मई को आईपी एक्सटेंशन निवासी रामकुमार (58) ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी वेस्ट विनोद नगर में सिंगला इलेक्ट्रिकल्स के नाम से दुकान हैं। 11 मई को लगभग 6:50 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान में घुस आये। उस समय वह अपने दो बेटों के साथ मौजूद थे। उनमें से एक व्यक्ति ने खुद को करतार भाटी के रूप में पेश किया और दावा किया कि वह भूरे नामक व्यक्ति की हत्या का आरोपी है। उसने शिकायतकर्ता के घर और दुकान के पते वाली एक पॉकेट डायरी दिखाई और उसे धमकाते हुए कहा कि वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ है और उसने 50 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी ना होने पर भूरे जैसा हश्र करने की धमकी भी दी गई। 16 मई को शिकायतकर्ता को उसी करतार सिंह नामक व्यक्ति से व्हाट्सएप कॉल भी आया था। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया और एक संयुक्त टीम का गठन किया। टीम ने दो आरोपियों की पहचान की। मुख्य आरोपी की पहचान करतार भाटी निवासी गांव जमालपुर, थाना कसाना, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश और दूसरे आरोपी की पहचान नादिर उर्फ शाह आलम के रूप में हुई। पुलिस ने करतार भाटी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करतार भाटी एक आदतन अपराधी है, जो पहले आर्म्स एक्ट, डकैती, स्नैचिंग और हत्या सहित सात आपराधिक मामलों में शामिल था।

### म्यूजिक बजाने को लेकर युवक की हत्या चार नाबालिग दबोचे

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में एक कार्यक्रम में संगीत बजाने को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवक की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम भीमसेन (18) बताया गया है। महेंद्र पार्क पुलिस ने कार्रवाई करते हुये चार नाबालिग पकड़े हैं। हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू अभी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार शनिवार को भदोला गांव में हुए हमले में भीम सेन घायल हो गया था। दोस्त ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक कार्यक्रम में संगीत बजाने को लेकर सेन का कुछ लड़कों के साथ मामूली झगड़ा हुआ था और अगले दिन, कथित तौर पर बदला लेने के लिए समूह ने उस पर चाकू से हमला किया गया। उस पर चाकू से दो वार किए गए थे और तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। महेंद्र पार्क थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## वैश्य कॉलेज में हुआ स्कॉलरशिप टेस्ट



बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज में स्कॉलरशिप टेस्ट देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रविवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नव सत्र में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की इच्छुक छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें करीब 50 छात्राओं ने भाग लिया। टेस्ट के सफल आयोजन में परीक्षा अधीक्षक डॉ. शालू शर्मा, उपाधीक्षक डॉ. नेहा नैन, सुजाता वर्मा, डॉ. कुसुम, डॉ. मंजीत, प्रवेश दहिया व कविता की अहम भूमिका रही। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि हाल ही में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। महाविद्यालय द्वारा 25 मई को सम्मान समारोह आयोजित करके प्रथम स्थान पाने वाली छात्राओं व विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 मई को प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एडमिशन के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। दाखिला प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में आर्ट्स में 160, कॉमर्स में 160, बीएससी फिजिकल साइंस में 60 तथा बीसीए में 180 सीटें उपलब्ध हैं। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के समन्वय प्रमुख श्रीनिवास गुप्ता, कॉलेज उपप्रधान प्रेम बंसल, महासचिव आशीष गुप्ता, नॉमिनेटिड उपप्रधान राजपाल शर्मा व विवेक तायल भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### भूपेंद्र हुड्डा की भाजपा से मिलीभगत के कारण हरियाणा में कांग्रेस आई हाशिए पर : अभय सिंह

**झज्जर।** रविवार को गांव सिलानी में इनेलो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से रूबरू होते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा के साथ मिलीभगत कर पर्दे के पीछे से खेल खेला। जिसके कारण भाजपा की जीत हुई और कांग्रेस हरियाणा में हाशिए पर आ गई। जेजेपी द्वारा पूर्व सीएम औमप्रकाश चौटाला का फोटो लगाए जाने के सवाल पर कहा कि जब ये लोग जनता के बीच जाएंगे तो इनसे लोग ही इस बारे में सवाल पूछेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि इन लोगों ने औमप्रकाश चौटाला की कोई सुध नहीं ली। अब प्रदेश में जब पार्टी हाशिए पर आ गई है तब इन लोगों को उनकी याद आई है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस मिलकर प्रदेश को कमजोर करने का काम कर रही है। जो लोग किसी भ्रम की वजह से इनेलो को छोड़ गए थे उन्हें पार्टी में शामिल होने का क्रम निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इनेलो संगठन की मजबूती प्रदेश के लोगों को देखने को मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सेना का अपमान, पूरे देश का अपमान है। मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री के खिलाफ सख्बत कार्रवाई होनी चाहिए।

## गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स में एजुकेशन/करियर गाइडेंस फेयर का आयोजन

# फेयर में बच्चों को दी करियर संबंधित जानकारी

- लगभग 350 विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली रोड स्थित गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स के परिसर में रविवार को एजुकेशन/करियर गाइडेंस फेयर का आयोजन हुआ। कई नामी यूनिवर्सिटी, कॉलेज के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों को शिक्षा तथा पढ़ाई संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। मिलन एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से यह आयोजन किया गया था। एमिटी यूनिवर्सिटी, एसआरएम सोनीपत, सुशांत, एसजीटी, संस्कारम, केआर मंगलम, वर्ल्ड कॉलेज, आईआईटीएम दिल्ली, डीपीजी कॉलेज सहित कई अन्य यूनिवर्सिटी तथा कॉलेज के प्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

लगभग 350 विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचे। सीनियर काउंसलर कोमल सहरावत, रितु सोलंकी, सोनू सोलंकी, दीपिका फोगाट, नेहा भारद्वाज, कविता नेगी, सुनीता दलाल, तन्नु गहलावत, ललिता सांगवान आदि विशेषज्ञों ने बच्चों की काउंसलिंग की। ट्रस्ट के चेयरमैन संजीव सांगवान ने बताया कि 12वीं के बाद बच्चे कॉलेज का रुख करते हैं। कॉलेज, यूनिवर्सिटी के लिए जानकारी जुटाते हैं। इसके लिए उन्हें दिल्ली या अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि बच्चों को एक ही जगह विभिन्न यूनिवर्सिटी के बारे में जानकारी उपलब्ध हो जाए। जिससे उनके समय और धन की बचत होगी। इस एजुकेशन फेयर का काफी बच्चों को लाभ हुआ, उन्हें अपनी पढाई, करियर संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके लिए बेहद काम आएंगी।



बहादुरगढ़। कार्यशाला में युवाओं को गाइडेंस देते यूनिवर्सिटियों के प्रतिनिधि।

# गीता पाठशाला का जन्मदिन मनाया



बहादुरगढ़। कार्यक्रम को संबोधित करती बीके रेणु दीदी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सेक्टर-13 शाखा द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। किला मोहल्ले में रिटायर्ड नेवी ऑफिसर श्री भगवान भाई के घर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था से जुड़े करीब 200 भाई-बहनों ने संगठित रूप से मेडिटेशन किया। मुरली के नाम से विख्यात परमात्मा के महावाक्य सुनाए गए। उसके बाद भगवान जी को भोग लगाया गया। संस्था की मुख्य प्रशासनिका बीके अंजलि दीदी ने अपने आशीर्वचन दिए। जाह्नवी ने बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। शिव बाबा का झंडा लहराया गया। श्री भगवान के घर पर चलने वाली गीता पाठशाला का जन्मदिन भी मनाया गया। इस मौके पर बीके विनीता दीदी, बीके अमृता दीदी, रेणु दीदी, ओम जी आदि मौजूद रहे। डॉ अशोक ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां दी।

# विकट परिस्थितियों से जूझना सीखेंगी कन्याएं

## ■ कन्या गुरुकुल में आठ दिवसीय शिविर शुरू ■ ओपन जिम का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को रंजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल लोवा कलां में 8 दिवसीय निःशुल्क आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही जिला पार्षद प्रतिनिधि अमित पहलवान कसार व कैप्टन मान सिंह दलाल की ओर से ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। आर्य केंद्रीय सभा बहादुरगढ़ के सौजन्य से गुरुकुल की प्राचार्या डा.राजन मान के संरक्षण में आठ दिवसीय निशुल्क आवासीय आर्य वीरांगना दल शिविर का शुभारंभ हुआ। समारोह का आरंभ हवन के साथ हुआ। शिविर उद्घाटन का ओउ्म ध्वज फहरा कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथियों के लिए गुरुकुल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व अन्य आयोजन किए गए।



बहादुरगढ़। ओपन जिम का उद्घाटन करते अमित कसार व अन्य तथा हवन में आहुति डालते आर्य समाज के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर के प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि उच्च कोटि के प्रशिक्षक, प्रशिक्षिकाएं और अनेक विद्वान आर्य वीरांगनाओं को शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे ये बेटियां विकट परिस्थितियों में अपनी और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। साथ ही वीरांगनाओं को पाखंड, अंधविश्वास व समाज में फैली अन्य कुरीतियों को दूर करने के लिए भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने बेटियों से उच्च शिक्षा और वैदिक संस्कारों को ग्रहण कर उन्नत समाज के निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। इस अवसर केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ के मास्टर सतपाल दहिया, मास्टर रामचंद्र रुहिल, ब्रह्मजीत आर्य, व्रतपाल आर्य, धर्म सिंह झाड़ौदा, मास्टर नारायण सिंह, राजेश झाड़ौदा, आर्य अशोक जून व प्रवीण लोवां कलां आदि मौजूद रहे।



हवन में डाली आहुति



बहादुरगढ़। कानोंदा में तिरंगा यात्रा निकालते दिनेश कौशिक व अन्य।

## कानोंदा में भारतीय सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में रविवार को गांव कानोंदा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक व कानोंदा मंडल अध्यक्ष सुदेश रंगा की अगुवाई में निकाली गई यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीणों, पूर्व सैनिकों व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके विश्व में अपना परचम लहराया है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेनाओं को खुली छूट है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर पहलगाम आतंकी घटना का बदला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सीमाएं बेहद मजबूत हो गई हैं। यात्रा में अरविंद जांगड़ा, रवि मुकुंदपुर, रमेश आर्य, बब्लू, श्याम, संजय बराही, मंजीत, राज सिंह कुलासी, जग्गी, चांद भगत, सुनील व रितेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 390 लोगों के नेत्रों की जांच

बहादुरगढ़। गांव डाबोदा स्थित ग्राम भारती स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान मंजीत मलिक सहयोग से नवीन अहलावत द्वारा यह आयोजन कराया गया। इसमें 390 लोगों ने नेत्रों की निशुल्क जांच कराई। जांच के बाद 220 लोगों को चश्मे वितरित किए गए, जबकि 90 मरीजों को आवश्यक दवाइयां दी गईं। शिविर में 30 ऐसे मरीज चिह्नित किए गए, जिन्हें मोतियाबिंद की समस्या थी। उन्हें ऑप्रेशन के लिए इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल गुरुग्राम भेजा गया। नवीन अहलावत ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बलराज अहलावत, स्कूल संचालक गुरचरण सिंह सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए नवीन अहलावत और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### थैंक्स भारत ट्रस्ट ने करवाया हवन

बहादुरगढ़। थैंक्स भारत ट्रस्ट के सहयोग से मनीष आर्य द्वारा साप्ताहिक यज्ञ करवाया गया। जिसमें पड़ोस के परिवारों से बच्चे और माताएं उपस्थित रही। मनीष आर्य ने बच्चों से देश के सैनिकों के प्रति पूर्ण सम्मान की भावना रखने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि अभिभावक भी बच्चों को हर स्थिति में एक समान रहने के लिए क्रियात्मक अभ्यास करवाएं।

## शिविर में 56 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। शिविर के दौरान आयोजक समिति सदस्यों व रक्तदाताओं के साथ उपस्थित मुख्यातिथि राकेश जाखड़।

झज्जर। क्षेत्र के गांव बहू झोलरी में रविवार को भारतीय सेना के लिए आपातकालीन रक्त दान शिविर लगाया गया। आयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गहलावत और बलवान सिंह ने बताया कि शिविर में जन नायक जनता पार्टी के पंचायतीराज प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश जाखड़ व महंत मिथिलेश दास ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने जहां युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया वहीं मौजूदा जनसमूह को पर्यावरण विषय पर भी जागरुक किया। इस दौरान रक्तदाताओं को करीब दो सौ पौधे भेंट किए गए। शिविर में कुल 56 यूनिट एकत्रित किया गया।

## विद्यार्थियों को दी नियमित ध्यान, प्राणायाम व सकारात्मक सोच संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस विशेष व्याख्यान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में दा आर्ट ऑफ लिविंग एनजीओ के जिला समन्वयक राजवीर यादव एवं जिला सचिव स्वप्निल मोहिनी पाटिल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर अपने विचारों एवं अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने नियमित ध्यान, प्राणायाम, सकारात्मक सोच एवं आत्म-निरीक्षण से मानसिक असंतुलन को रोकने संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर महिपाल ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सकीय विषय नहीं, बल्कि जीवन का मूलाधार है। ध्यान, योग और आत्म-संवाद जैसे साधन मानसिक स्थिरता प्रदान करते हैं, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारी युवा पीढ़ी आज अनेक मानसिक, सामाजिक और डिजिटल दबावों से जूझ रही है। ऐसे समय में ध्यान और सकारात्मक संवाद अत्यंत प्रभावी साधन हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ध्यान की व्यावहारिक विधियों का भी प्रशिक्षण दिया तथा विद्यार्थियों को स्व-निरीक्षण, आत्म-स्वीकृति और आत्म-प्रेरणा की विधियों से परिचित कराया। सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार रखे और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।



झज्जर। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए चेयरमैन डॉक्टर महिपाल। फोटो : हरिभूमि

## अभिभावकों को पीटीएम की सार्थकता से कराया अवगत



झज्जर। बच्चों की शैक्षिणक रिपोर्ट लेते हुए अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

■ एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीएम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा बारहवीं के बच्चों के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया । स्कूल प्राचार्या निधि कादयान ने बताया कि बच्चों के लिए पीटी -1 परीक्षा को लेकर यह रिपोर्ट तैयार की गईं । जिसका परिणाम सभी अभिभावकों को पेश किया गया। बच्चों के सर्वागींण विकास को लेकर अभिभावकों को अध्यापकों ने अभी सुझाव दिए व उनके सुझावों को नोट किया गया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने सभी अभिभावकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पीटीएम की सार्थकता के बारे में बताया। स्कूल डायरेक्टर जगपाल गुलिया,जयदेव दहिया, अनिता गुलिया,नीलम दहिया ने सभी अभिभावकों को स्कूल प्रांगण में पहुंचनें पर आभार व्यक्त किया।

### सहयोग शिक्षक तैयार करने के लिए लगाए जा रहे कैंप

बहादुरगढ़। पतंजलि योगपीठ द्वारा सहयोग शिक्षक तैयार करने के लिए हरियाणा में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बहादुरगढ़ ब्लॉक में योगशिक्षका रोशनी गुलिया के नेतृत्व में स्थानों पर योग शिविर लगाए जा रहे हैं।

वार्ड-13 के वीर सावरकर पार्क में सुबह तथा एचएल सिटी के फव्वारा चौक पर शाम के वक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगामी 30 मई तक यह अभियान चलेगा। इन योग शिवरों में कोई भी महिला या पुरुष निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता है। रोशनी ने बताया कि योग से शरीर मजबूत बनता है और बीमारियों से दूर रहता है। मानसिक मजबूती भी मिलती है। योग के प्रचार प्रसार के लिए शिक्षक तैयार किए जा रहे हैं। लगभग 15 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सहयोग शिक्षक को पतंजलि योग पीठ हरिद्वार द्वारा प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। उसके बाद जो महिला या पुरुष पूर्ण योगशिक्षक बनाना चाहेगा तो उसे हरिद्वार में एक सप्ताह का अलग से प्रशिक्षण लेना होगा।

## संत कृपाल सिंह का प्रकाश पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ बाल सत्संग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आध्यात्मिक प्रस्तुति दी

सावन कृपाल रुहानी मिशन की शाखा कृपाल आश्रम बहादुरगढ़ में संत कृपाल सिंह का 131वां पावन प्रकाश पर्व संगत ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रचारकों व संगत ने मिशन/महाराज की शिक्षाओं, जीवन की पड़ताल, आध्यात्मिक डायरी और उनकी यादों का स्मरण किया।

हांसी से आई परिचर अंजू बत्रा ने संत कृपाल सिंह के जीवन परिचय, उनकी शिक्षाओं, सावन कृपाल रुहानी मिशन, आध्यात्म के बारे में बड़े ही सरल शब्दों में समझाया। संगत ने पवित्र गुरबाणी से शब्द गायन किया। कार्यक्रम के बाद समस्त संगत ने लंगर ग्रहण किया। बाल सत्संग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आध्यात्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि मिशन में निःशुल्क सिलाई केंद्र वर्ष 2005 से सुचारू रूप से कार्यरत है। अब तक 35 बैच पूरे हो चुके हैं और इस सेशन में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किए। प्रचारकों ने कहा कि अध्यात्म के रास्ते पर उन्नति के लिए हमें सद्गुणों को अपने जीवन में धारण करना होगा। इस पावन अवसर पर प्रबंधन समिति से प्रधान राज सिंह कटारिया, उप प्रधान हेम चंद्र गर्ग, सचिव सुभाष चंद्र, खजांची धर्मवीर सिंह, राजेश कुमार, कर्मवीर, सुरेश हुड्डा समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद साध-संगत। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## खेलो इंडिया में अर्जुन व योगेश ने जीते मेडल

### बिहार में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे



बहादुरगढ़। कोचों व कुश्ती प्रेमियों के साथ विजेता पहलवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ खेलप्रेमियों ने शहर में पहुंचने पर पहलवानों का किया स्वागत

बिहार में हुए खेलो इंडिया गेम्स में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे। अखाड़े के दो पहलवानों ने मेडल जीते। इनकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। जीतकर लौटने पर इनका अभिनंदन किया गया। दरअसल, बिहार के पटना में बीते दिनों ये खेल हुए थे। खेलों के कुश्ती मुकाबलों में मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के दो पहलवानों ने जोर आजमाइश की।

पहलवान अर्जुन रुहिल ने 92 केजी फ्री स्टाइल में दमदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं योगेश ने 55 केजी ग्रीको रोमन में सिल्वर मेडल जीता। इनकी जीत पर हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर पहलवान, कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल सहित अन्य कोचों और साथी पहलवानों ने खुशी जताई। दोनों का अभिनंदन किया गया।

अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र पहलवान ने कहा कि दोनों पहलवान बेहद होनहार हैं। इससे पहले भी कई मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। यकीनन एक दिन बड़े स्तर पर देश के लिए मेडल जीतेंगे।



बहादुरगढ़। स्केटिंग में जीतने वाले डीपीएस के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्केटिंग में सफल हुई डीपीएस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों ने हाल ही में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किए।

डीपीएस के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। कक्षा पांचवी के साहिल जून ने प्रथम स्थान, बारहवीं के हिमांशु जैन ने द्वितीय स्थान, छठी के वीरेन ने द्वितीय स्थान, आठवीं के अरमान डागर ने तृतीय स्थान, छठी कक्षा की रिद्धिमा ने तृतीय स्थान, चौथी की प्रांजल ने तृतीय स्थान, रौनक ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

स्कूल प्रबंधक प्रिया डागर व प्राचार्या नीरजा ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके अनुसार यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते राजपूत सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## राजपूत सभा की वार्षिक बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

### महाराणा प्रताप सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ महामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह ने पूरे साल का लेखा जोखा पेश किया

रविवार को लाइनपार के महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा बहादुरगढ़ की कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक हुई।

सभा के संरक्षक दिनेश शेखावत के नेतृत्व में अध्यक्ष कमल शेखावत ने बैठक की अध्यक्षता की। महाराणा प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यर्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह ने पूरे साल का लेखा जोखा पेश किया। जल्द भवन निर्माण के कार्य को पूरा करके वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की भव्य मूर्ति लगाने पर चर्चा हुई। मूर्ति स्थापना व अनावरण के लिए एक कमेटी बनाई गई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, डॉ संजय सिंह, कल्याण सिंह, संदीप चौहान, जयप्रकाश सिंह, पृथ्वीराज तंवर, गोपाल शेखावत, संपत सिंह, राजेश सिंह, सोनू परमार, श्रवण राठौड़, सतबीर चौहान व स्वतंत्र धाकरे आदि मौजूद रहे।